संख्या- 177 /2021/ 1970 /चार-2021

प्रेषक,

विनय श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. जिलाधिकारी, शाहजहांपुर।
2. निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक 29 अक्टूबर, 2021**

विषय:- 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत दिनांक 29 से 31 अक्टूबर 2021 तक शाहजहॉपुर में 'आजादी की गौरवगाथा' कार्यक्रम हेतु प्रशासनिक/ वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक निदेशक, उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार, लखनऊ के पत्र संख्या-578/नौ-126/2021-22 दिनांक 27 अक्टूबर, 2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत दिनांक 29 से 31 अक्टूबर 2021 तक शाहजहॉपुर में 'आजादी की गौरवगाथा' कार्यक्रम के आयोजन हेतु उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त संलग्न विवरण के अनुसार रू0 13.30 लाख (रूपये तेरह लाख तीस हजार मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निम्न शर्तो के अधीन प्रदान की जाती है:-

(1) समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जायेगा। इस हेतु श्री अमित कुमार अग्निहोत्री, सहायक निदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। श्री अग्निहोत्री द्वारा कार्यों के भौतिक सत्यापन के पश्चात् संस्तुति उपलब्ध करायी जायेगी।

(2) 'आजादी की गौरवगाथा' कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पादित किये जाने हेतु संस्कृति निदेशालय द्वारा धनराशि आहरित कर रू0 7.70 लाख (रू0 सात लाख सत्तर हजार मात्र) जिलाधिकारी, शाहजहॉपुर को उनके बैक खाते (खाता संख्या- 56370100004725, बड़ौदा उ0प्र0 ग्रामीण बैंक, शाखा कृष्णानगर, शाहजहांपुर, आई0 एफ0एस0सी0 कोड -BARB0BUPGBX) तथा रू0 5.60 लाख (रू0 पांच लाख साठ हजार मात्र) निदेशक, लोक एवं जनजाति कला तथा संस्कृति संस्थान, लखनऊ के खाते में उपलब्ध करा दी जायेगी। निदेशक, लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान द्वारा आवश्यकतानुसार इसे निदेशक, उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार, लखनऊ को उपलब्ध कराया जायेगा।

(3) समस्त कार्यों के फोटोग्राफ, वीडियो आदि का विवरण तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र संस्कृति निदेशालय व शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(4) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।

(5) उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि के सम्बन्ध में वित्त विभाग के मितव्ययिता सम्बन्धी आदेशों तथा व्यय पर नियंत्रण के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। सुसंगत वित्तीय नियमों के अन्तर्गत ही व्यय किया जायेगा।

3- उक्त धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय-19-चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव-42-अन्य व्यय मद से किया जायेगा।

संलग्नक: यथोक्त।

भवदीय,
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या 177 /2021/ 1970 (1)/चार-2021, तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ/ शाहजहांपुर।
4- निदेशक, उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार, लखनऊ।
5- निदेशक, लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान, लखनऊ।
6- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

पत्र संख्या 177 /2021/ 1970 /चार-2021 दिनांक 29 अक्टूबर, 2021 का संलग्नक

क्र0सं0	कार्यक्रम	अनुमानित धनराशि कर सहित
1	केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं के स्टाल	-
2	पुस्तक रथ एन0बी0टी0, नई दिल्ली द्वारा	रू0 25,000-00 (निदेशक, अभिलेखागार)
3	विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में चित्रकला शिविर, पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं काव्य लेखन आदि प्रतियोगिता का आयोजन	-
4	अभिलेख प्रदर्शनी: सन् 1857 से 1947 तक स्वतंत्रता संघर्ष की गाथा	रू0 30,000-00 (निदेशक, अभिलेखागार)
5	पुलिस बैण्ड	-
6	राष्ट्रभक्ति से सम्बन्धित गायन/ बैण्ड (षडज म्यूजिक बैंड) सरफरोशी की प्रस्तुति	रू0 1,50,000-00 (जिलाधिकारी, शाहजहांपुर)
7	विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार	रू0 2,00,000-00 (जिलाधिकारी, शाहजहांपुर)
8	संगीतमय भव्य नौटंकी ''हम में है राष्ट्र'' संस्था - सत्य समर्पण	रू0 1,00,000-00 (जिलाधिकारी, शाहजहांपुर)
9	ओज एवं वीरता पर आधारित कवि सम्मेलन (जिला प्रशासन द्वारा चयनित कवियों की सूची संलग्न)	रू0 2,00,000-00 (जिलाधिकारी, शाहजहांपुर)
10	कला शिविर(कार्यक्रम स्थल पर) संस्था- उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी	-
11	स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं पर आधारित कथक बैले नृत्य नाटिका संस्था - राष्ट्रीय कथक संस्थान	रू0 1,50,000-00 (निदेशक, अभिलेखागार)
12	स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान	रू0 20,000-00 (जिलाधिकारी, शाहजहांपुर)
13	स्वतंत्रता आन्दोलन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति (''सपूत मातृभूमि'' के) संस्था - कल्चर फैक्ट्री ट्रस्ट	रू0 2,00,000-00 (निदेशक, अभिलेखागार)
14	पुस्तकों का प्रकाशन 1. शाहजहाँपुर - इंकलाब की जमीन 2. अशफाक उल्ला की डायरी 3. बिस्मिल की आत्मकथा	रू0 30,000-00 (निदेशक, अभिलेखागार)
15	पुलिस बैण्ड	-
16	संगीत संध्या (प्रतिबन्धित गीतों पर आधारित गायन) संस्था - कल्चर फैक्ट्री ट्रस्ट	रू0 50,000-00 (निदेशक, अभिलेखागार)
17	यातायात टैक्सी आदि हेतु	रू0 25,000-00 (निदेशक, अभिलेखागार)
18	अन्य प्रासंगिक व्यय (आवास, भोजन आदि)	रू0 1,00,000-00 (जिलाधिकारी, शाहजहांपुर) रू0 50,000-00 (निदेशक, अभिलेखागार)

(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।